प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

08.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रूस और ऑस्ट्रिया के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे। वे पहले चरण में 22वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मॉस्को जाएंगे। इसमें प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आपसी हितों के संपूर्ण द्विपक्षीय मुद्दों की समीक्षा करेंगे। यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से ऑस्ट्रिया के दौरे पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा है। वे ऑस्ट्रिया के चांसलर और उच्च स्तरीय कारोबारी समूहों के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे।

उप–चुनाव

प्रदेश में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए आज प्रचार का आखिरी दिन है। शाम पांच बजे के बाद राजनीतिक दल और प्रत्याशी रैलियां और जनसभाएं नहीं कर पाएंगे हालांकि डोर टू डोर प्रचार जारी रहेगा। तीन विधानसभा क्षेत्रों नालागढ़, हमीरपुर और देहरा में होने वाले उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि इन क्षेत्रों में चुनाव के लिए 3 सौ 15 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदाता सूचियों के तहत उपचुनाव क्षेत्रों में कुल 2 लाख 59 हजार 3 सौ 40 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के मद्देनज़र उपचुनाव के दौरान 10 जुलाई को एग्ज़िट पोल के आयोजन, प्रकाशन और प्रसारण पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले की अवधि के दौरान किसी भी चुनाव संबंधी सामग्री, ओपिनियन पोल के परिणाम और अन्य किसी भी प्रकार के सर्वेक्षण के प्रसार पर भी प्रतिबंध रहेगा।

सुनवाई

सर्वोच्च न्यायालय में नीट–यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर आज सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष 26 याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। विद्यार्थियों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित अनियमितताओं की अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र ने कहा है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के लिए सबूत के अभाव में नीट परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। केन्द्र ने यह भी तर्क दिया है कि दोबारा परीक्षा कराने से लाखों वास्तविक उम्मीदवारों के जीवन पर प्रतिकूल असर पडेगा।

पुण्यातिथि

आज पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की तीसरी पुण्यातिथि है। 8 जुलाई वर्ष 2021 को 87 वर्षीय वीरभद्र सिंह ने शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली थी। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न श्रद्धाजंलि कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को याद किया जा रहा है। अपने सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आधुनिक हिमाचल के निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के पदचिन्हों का अनुसरण करने और देवभूमि हिमाचल को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए वे संकल्पित हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री और वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि वीरभद्र सिंह के सिद्धांत और राजनीति का बेबाक तरीका हमेशा जीवित रहेगा और उनके पदचिन्हों पर चलते हुए वे हमेशा निष्पक्षता और बेबाकी से प्रदेश की आवाज उठाते रहेंगे।

डाक अदालत

भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रदेश के परिमण्डल कार्यालय और अधीनस्थ सभी प्रवर अधीक्षक और अधीक्षक डाकघरों के मण्डलीय कार्यालयों में आज डाक अदालतों का

आयोजन किया जाएगा। डाक अदालत के दौरान लोगों की डाक सम्बन्धी शिकायतें सुनी जाएंगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत तेज वर्षा के साथ हुई। राजधानी शिमला व आसपास के क्षेत्रों में सुबह से वर्षा का क्रम जारी है। जबकि किन्नौर, कुल्लू, चंबा और नाहन से भी वर्षा होने के समाचार हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए 8 जिलों शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, बिलासपुर, कुल्लू, किन्नौर व कांगड़ा जिलों के लिए यैलो अलर्ट जारी करते हुए विभिन्न स्थानों पर मॉनसून के सक्रिय बने रहने की संभावना जताई है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मौसम की खबर को **पंजाब केसरी** ने शीर्षक दिया है **हिमाचल में 2 दिन हल्का रहेगा मानसून, फिर पकड़ेगा रफतार। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **हिमाचल में मानसून की रफतार धीमी, सामान्य से 97 फीसदी कम हुई बारिश। दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **शिमला–सिरमौर में फलैश फलड का अलर्ट। हिमाचल दस्तक** का शीर्षक है **शिमला, कांगड़ा, और चंबा में भारी बारिश का अलर्ट।**

स्कूलों में नशे के खिलाफ बनेंगे एंटी ड्रग स्कवायड शीर्षक से अमर उजाला ने लिखा है उच्च शिक्षा निदेशक ने सभी उपनिदेशकों को जारी किए दिशा–निर्देश।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **भाजपा ने नोट के दम पर सरकार को गिराने की साजिश रची। दिव्य हिमाचल** ने बकौल नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर लिखा है **ठेकेदारों से चुनाव के नाम पर की भारी वसूली।**

बल्क ड्रग पार्क के लिए अतिरिक्त समय मांगेगा हिमाचल दैनिक जागरण की एक खबर है।